# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 10.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस की बड़ी कार्रवाई, रांची से आईएसआईएस का एक संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार, पलामू से भी युवक को लिया गया हिरासत में।**
2. **झारखंड समेत सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों की आज दिल्ली में बैठक, एसआईआर के राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन पर होगी चर्चा।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल नगर विकास विभाग के नव चयनित कर्मियों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, रांची में होगा विशेष कार्यक्रम का आयोजन।**
4. **दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर चलेगी 12 स्पेशल रेलगाड़ियां, रांची से होकर गुजरेगी 7 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेन।**
5. **रांची समेत पूरा राज्य चार दिनों तक रहेगा तूफान की चपेट में, मौसम विभाग ने तेज हवा और वज्रपात की जारी की चेतावनी, येलो अलर्ट जारी।**

********************

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल, झारखंड एटीएस और रांची पुलिस की संयुक्त टीम ने एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। आज सुबह लोअर बाजार थाना क्षेत्र के इस्लामनगर स्थित तबरक लॉज से आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी हुई है। वहां से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए हैं। संदिग्ध आतंकी की पहचान असहर दानिश के रूप में हुई है। असहर दानिश मूल रूप से बोकारो जिले के पेटरवार का रहने वाला है। दिल्ली में उसके खिलाफ दर्ज एक मामले के आधार पर दिल्ली स्पेशल सेल लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी, जिसके बाद यह गिरफ्तारी संभव हो पाई। वर्तमान में, गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकी से गहन पूछताछ जारी है। इसके अलावा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस ने पलामू में भी छापेमारी कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

********************

चुनाव आयोग ने आज नई दिल्ली में झारखंड समेत सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों की बैठक बुलायी है। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर प्रक्रिया को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने पर चर्चा होगी। यह बैठक चुनावी तैयारियों, मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता जैसे विषयों पर केंद्रित होगी।

********************

नेपाल में बीते कुछ दिनों से फैली हिंसा पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आदित्यपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नेपाल में भड़की हिंसा भारत के लिए भी चिंता का विषय है। भारत सरकार लगातार हालात पर निगरानी रख रही है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद ने आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए दरों को युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति प्रदान की। सिमडेगा जिले में सभी वर्गों के लोगों ने इसका स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल प्रोजेक्ट भवन में नगर विकास विभाग के नव चयनित कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। जिन पदों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे उनमें विधि सहायक, सेनटरी सुपरवाइजर और गार्डेन अधीक्षक शामिल हैं। इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार भी उपस्थित रहेंगे।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने तेतुलिया लैंड स्कैम के आरोपी शैलेश सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। शैलेश सिंह के विरुद्ध सीआईडी ने वारंट ले लिया था और उसकी गिरफ्तारी के लिए सीआईडी प्रयासरत थी। हाईकोर्ट से पीड़क कार्रवाई पर रोक लगने के बाद शैलश सिंह को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि शैलेश सिंह को सीआईडी की जांच में सहयोग करना होगा।

********************

त्योहारों के मौसम में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए रांची रेल मंडल से एक दर्जन लंबी दूरी की स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इनमें सात जोड़ी ट्रेन रांची के रास्ते होकर गुजरेगी। ये ट्रेनें सितंबर से नवंबर तक विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाई जाएंगी।

********************

गढ़वा जिले में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के माध्यम से अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवारों की जीवनशैली में बदलाव लाने के लिये कार्य योजना बनाई गयी है। यह अभियान जिले के 113 गांवों में चलाया जाना है। और जानकारी दे रहे हैं

********************

रांची समेत राज्यभर में दुर्गा पूजा की तैयारी तेज कर दी गयी है। रांची में दुर्गोत्सव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कई ऐहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी विभागों से समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि त्योहार के दौरान कोई भी अधिकारी छुट्टी पर न जाएं और सामूहिक जिम्मेदारी के साथ काम करें।

********************

भारतीय शेयर बाजार का सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में 0 दशमलव 4 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 356 अंक बढ़कर 81 हजार 457 पर और निफ्टी 106 अंक बढ़कर 24 हजार 974 पर पहुंच गया।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख दो हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 31 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

पूरा झारखंड चार दिनों तक तूफान की चपेट में रहेगा। इसको लेकर भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 13 सितंबर तक पूरे राज्य में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है। इस दौरान राज्य के कुछ जिलों में तेज हवा चलेगी, जिसकी रफ्तार अधिकतम 30–40 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। साथ ही वज्रपात होने की भी आशंका जताई गई है।

********************

पंजाब के अमृतसर में आयोजित सीनियर नेशनल विमेंस फुटबॉल चौंपियनशिप में झारखंड की महिलाओं ने अपने पहले ही मैच में राजस्थान को 13–0 से पराजित कर दिया। झारखंड की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर सुमति उरांव ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक सहित 6 गोल दागे। कल झारखंड अपना दूसरा मुकाबला उत्तर प्रदेश के साथ खेलने उतरेगा।

*******समाप्त*************